वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

कार्यालय–ज्ञाप

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–972/सत्तर–1–2024 दिनांक 08.07.2024 द्वारा प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग की समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर 2024–25 जारी किया गया है। उक्त आदेश के प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में निम्नवत् आदेश निर्गत किये गये हैः–

"प्रायोगिक परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी शिक्षण संस्थान (विश्वविद्यालय कैम्पस एवं महाविद्यालय) अपने संस्थान के यूट्यूब चैनल पर प्रायोगिक परीक्षाओं की लाइव स्ट्रीमिंग/अपलोड करेंगे, जो संस्थान के चैनल पर उपलब्ध रहेगी तथा सभी संस्थानों के यूट्यूब चैनल विश्वविद्यालय वेबसाइट पर लिंक किये जायेंगे। सभी संस्थान निःशुल्क अपना यूट्यूब चैनल बनायेंगे जिस पर अन्य विविध गतिविधियों को भी अपलोड कर सकते हैं।"

अतः उक्त के सम्बन्ध में समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/प्राचार्य से अनुरोध है कि आगामी प्रायोगिक परीक्षाओं में उक्त का अनुपालन करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकनः 904/गोपनीय/2024 दिनांकः 25.09.2024

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 निजी सचिव कुलपति को, मा0कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2 वित्तअधिकारी/कुलसचिव ।
3 समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी विश्वविद्यालय परिसर।
4 प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर को अनुपालनार्थ।
5 सम्पादक...समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6 प्रभारी, वेब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7 अधीक्षक, परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय।
8 नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

उप कुलसचिव
गोपनीय